भारत सरकार

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग

**विभागीय परीक्षा**

**कार्यपालक अभियंताओं व उपनिदेशक ( उद्यान) के लिए**

लेखा परीक्षा - II (किताब सहित)

दिसंबर, 2017

समय : 3 घंटे

अधिकतम अंक : 100

**स्वीकार्य किताबें : CPWD कोड़, FRs, SRs, और फार्म से संबंधित किताबें**

दिये जाने वाले फार्म: 1. नकदी बुक (Cash Book) (CPWA -1) 2. बिल फार्म (CPWA 26, 26 A)
3. ठेकेदार खाता वही (Contractor's Ledger) ( CPWA -43) और
4. स्थानांतरण एंट्री फार्म ( Transfer Entry Form) (CPWD 53)

**(हल किये गये नमूने सहित किताब अनुमति नहीं है।)**

**सारे प्रश्न अनिवार्य है। हर प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने दी गई है।**

**प्र.1** निम्न लिखित निर्देशों को एक परियोजना मंडल का कार्यपालक अभियंता के नकदी बुक (Cash Book) में नवंबर 2016 केलिए दर्ज करें। वर्गीकरण एवं कार्यपालक अभियंता का प्रमाण पत्र भी दर्ज करें। **अंक - 30**

| **दिनांक** | **क्रय (Transaction)** | **राशी (Amount)** |
|---|---|---|
| 0.11.2012 | प्रारंभिक शेष(Opening Balance) | |
| | (i) नकदी और सिक्के | 1,950 |
| | (ii) कार्यपालक अभियंता 'क' के पास रकम | 2,000 |
| | (iii) रसीदी टिकट (revenue stamp) | 125 |
| | (iv) सहायक अभियंता 'ख' के पास अस्थायी अग्रिम (temporary advance) | 3,000 |



OC-13

| | | |
|---|---|---|
| | (v) स्वतः चेक दिनांक 30.10.2017 | 2,500 |
| | (vi) कार्यपालक अभियंता के निजी चैक संख्या 3247 राशी को तिजौरी (chest) से भुगतान किया गया था क्यों कि इसे बैंक से भराव (encashment) नहीं किया जा सकता था। | 1,500 |
| 02.11.2017 | निजी चेक संख्या 3247 को भुनाना (encash) किया गया | |
| 02.11.2017 | स्कूल इमारत काम के लिए चेक संख्या 315 द्वारा ठेकेदार 'X' को भुगतान ( तीसरी चल खाता बिल ) निम्न प्रकार है : | |
| | (क) कुल मापित मूल्य | 2,50,000 |
| | (ख) कुल अद्यतन अग्रिम भुगतान | 90,000 |
| | (ग) दूसरे आर. ए. बिल में वास्तविक माप (actual measurement in 2nd RA Bill) पर भुगतान | 1,00,000 |
| | (घ) वसूलियां( Recoveries) | |
| | (i) अस्पताल इमारत के एक और प्रमुख कार्य के लिए वसूल किया गया राशी | 5,000 |
| | (ii) इस कार्य के संबंध में वसूल की गयी राशी | 2,000 |
| | (iii) सुरक्षा जमा | 10% |
| 05.11.2017 | सहायक अभियंता 'क' ने अग्रदाय (imprest) का लेखा इस प्रकार दिया है : | |
| | (i) दिये गये वेतन | 1,000 |
| | (ii) कार्यालय में फर्निचर (Furniture) लाने के लिए वाहन किराया | 500 |
| | (iii) हजार रुपये का पावती कार्यालय का पुराना फर्निचर बेचने का दिखाया गया | |
| | (iv) सहायक अभियंता " क " के अग्रदाय (imprest) नकदी(cash) द्वारा प्रतिपूर्ति (recouped) की गयी और 2000 रुपये से 3000 रुपये हुई। | |

| | | |
|---|---|---|
| 12.11.2017 | दौरे पर जाने के दौरान मण्डल अधिकारी कार्यालय भवन में तत्काल मरम्मत कार्य के मजदूरों को भुगतान के रूप में रु.5000 लिए। | |
| 14.11.2017 | स्वतः चेक (self cheque) दिनांक 30.10.2017 को भुनाया गया (encashed) | |
| 15.11.2017 | आकस्मिक जांच के दौरान नकदी में रु.100 की कमी पाई गई। | |
| 17.11.2017 | वॉश बेसिन के मरम्मत के लिए श्रम शुल्क | 500 |
| | खजाने में जमा राशी | 500 |
| 20.11.2017 | सहायक अभियंता " ख " को चेक संख्या 316 के माध्यम से अग्रदाय (imprest) जारी | 3,000 |
| 25.11.2017 | मण्डल अधिकारी ने 5000 रु. के उपस्थिति नामावली (Muster Roll) सहित लौट आया, 400 रु. अनर्जित मजदूरी (unpaid wages) के रूप में शेष | |
| 29.11.2017 | कोष(chest)के लिए चेक बनाया गया | 2,500 |

**प्र.2** अस्पताल भवन का निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार का चौथा आर. ए. बिल (4th Running Account Bill) तैयार करें। **अंक - 20**

| | कार्य मद का विवरण | इकाई | अमुमानित दर (रु.) | अद्यतन मात्रा (Up to date Quantity) | तीसरे आर.ए. बिल तक की मात्रा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | उद्खनन में मिट्टी का काम | | | | |
| (a) | सभी प्रकार की मिट्टी | घ.मीटर | 120 | 800 | 600 |
| (b) | कठोर चट्टान | घ.मीटर | 350 | 100 | 80 |
| 2. | आर.आर. मेसनरी | घ.मीटर | 1000 | 120 | 60 |
| 3. | ईंट का काम | घ.मीटर | 2000 | 85 | 50 |
| 4. | कॉलम में आर.सी.सी. कार्य | घ.मींटर | 4500 | 60 | 40 |
| 5. | स्टील सुदृढ़ीकरण | कि. ग्राम | 60 | 2000 | 1000 |

ठेकेदार से की गयी करार के अनुसार ऊपर वर्णित वस्तुओं पर अनुमानित दर से 2% छूट प्राप्त है।

तीसरे आर.ए.बिल में साईट पर 1,00,000 ईंट लाने के लिए ठेकेदार को रु.2,00,000 की सुरक्षित अग्रिम (SECURED ADVANCE) दी गयी।

क्रम सं. 3 व 4 के वस्तुओं पर 75,000 और 1,00,000 रुपये का अग्रिम भुगतान (Advance Payment) किया गया। पिछले अग्रिम भुगतान पूरे वसूली की जाने कि स्थिति में, आगे अग्रिम भुगतान के रूप में रुपये 30,000 क्रम संख्या 5 के एवज पर चौथा आर.ए.बिल में दिया गया।

इस के अलावा 2,00,000 ईंट साईट पर लाने पर सुरक्षित अग्रिम (secured advance) भी दिया गया।

इस बिल में से ईंट की कीमत वसूली की जानी है। एक वर्ग मीटर की ईंट का काम के लिए 500 ईंट की अवश्यक्ता है।

खुदाई की गई जमीन पर ढ़ेर न लगाने पर (stacking) 10 रु. प्रति घन मीटर की दर पर वसूली की जानी है।

करार की अनुसार कटौती 10% के दर से सुरक्षा जमानत (security deposit) की जानी है। तीसरी आर.ए.बिल में की गयी कटौती को रोक दिया गया और कार्य पर जमा की गयी।

**निम्नलिखित वसूलियां बिल से की जानी है -**

क) करार में 230 रु. प्रति बैग की दर वसूली के एवज में स्टाक से 250 सिमेंट बैग दिया गया था। काम पर केवल 225 बैग इस्तमाल किया गया। शेष बैगों का निपटारा ठेकेदार द्वार किया गया। कार्यपालक अभियंता ने शेष सिमेंट बैग के लिए 300 रु. प्रति बैग की दर से वसूली की आदेश दिये जिसमें भण्डारण और पर्यपेक्षण शुल्क ( Storage and Supervision Charges) शामिल है।

ख) जमीनी काम को छोड कर काम के मूल्य के 1% की दर से पानी के उपयोग के लिए शुल्क (charges)। तीसरी आर.ए. बिल में कोई वसूली नहीं की गयी थी।

ग) प्रति दिन 1000 रु. की दर से दस दिन के लिए 2 कांक्रीट मिक्सर की किराया।

घ) ठेकेदार द्वारा किये गये गलत ईंट का काम को विभाग द्वारा 8000रु. की लागत पर सही किया गया।

ङ) आय-कर : 2 %

**प्र.3** ठेकेदार खाता वही (contractors ledger) में निम्नलिखित लेन देन (transaction) करें और खाता वहीं समाप्त करें - **अंक - 15**

(क) प्रारंभिक शेष

(i) कार्य 'क' के प्रथम चल खाता बिल (Ist R.A. bill) से 10 % सुरक्षा राशी की दर से 20,000 रु. रोक दी गयी। यह राशी दूसरे आर.ए. बिल में समायोजित (adjusted) की गयी।

(ii) कार्य 'क' के लिए ठेकेदार को दिये गये सामग्री के लिए देय 8,500 रु. यह राशी भी दूसरी आर.ए. बिल में समायोजित की गयी।

(ख) कार्य 'क' के लिए दूसरा आर.ए. बिल

| | | रु. |
|---|---|---|
| (i) | अद्यतन तारीख तक किये गये कार्य | 10,20,000 |
| (ii) | किये गये कार्य के लिए अग्रिम भुगतान मगर माप नहीं की गई | 90,000 |
| (iii) | सुरक्षा जमा कटौती | 10% |
| (iv) | आय-कर कटौती | 2% |

(ग) कार्य 'क' के तीसरे आर.ए.बिल में ईंट के मूल्य के 90% सुरक्षित अग्रिम के रूप में 40,000 रुपये ठेकेदार को दिया गया।

(घ) कार्य 'क' के चौथा और अन्तिम बिल

(i) पिछले बिल के बाद माप किया गया कार्य 95,000 रु.

(ii) सुरक्षित अग्रिम (secured advance ) की समायोजन (adjustment) तथा सुरक्षा जमा (security deposit), और आय-कर वसूलियाँ ( recoveries), किया गया

(ङ ) ठेकेदार से बयाना राशी ( earnest money) के रूप में प्राप्त नकद — 50,000 रु.

(च) कार्य 'ख' पर इस्तेमाल करने के लिए ठेकेदार को जारी किये गये स्टील के मूल्य - — 44,000 रु.

(छ) कार्य 'ख' के लिए पहला आर.ए. बिल

(i) किये गये काम का मूल्य — 1,00,000 रु.

(ii) सुरक्षा जमा — 10%

(iii) आय-कर — 2%

कोई और वसूली नहीं की गयी।

**प्र 4** एक मंडल की खाते में निम्न लिखित कैसे समायोजित (adjusted) की जाती है - **अंक - 15**

जहां पर जरूरी है वहां पर ट्रैन्स्फर एंट्री आर्डर (Transfer Entry Order) बनाएं।

**(क)** प्रमुख कार्य **स्कूल इमारत के निर्माण** के लिए 10 आगस्त 2017 को आपूर्ती कर्ता (supplier) से 1.5 टन सिमेंट प्राप्त किया। (अनुमानित लागत 7500 रुपये)। आपूर्ती कर्ता का बिल बाद में रुपये 7000 के लिए प्राप्त हुआ था और 21 सितंबर 2017 को भुगतान किया गया।

**(ख)** सितंबर 2017 में एक स्थानीय निकाय (local body) के लिए एक जमा कार्य (deposit work) **पानी की आपूर्ती और सीवेज नेटवर्क** पर 6500 रु. खर्च किया गया था, हालांकि कोई जमा नहीं हुआ था। यह राशी स्थानीय निकाय द्वारा नवंबर, 2017 में जमा की गयी।

**(ग)** एक रोड रोलर के चालक से सरकारी क्वार्टर के एवज में लाईसेंस फीस की तौर पर 500 रु. जमा की गई, पर "मशीन और उपकरण, मरम्मत और कैरियज" पर गलत जमा की गई।

प्र 5 निम्नलिखितों के उत्तर दें। **अंक - 10**

(क) सरकारी आवास के बिन बारी आबंटन (out of turn allotment) के लिए लाइसेंस फीस (license fees) के दर (rate) क्या है ?

(ख) भारत के बाहर प्रतिनियुक्ति (deputation) की स्थिति में सरकारी आवास प्रतिधारण (retention) के लिए स्वीकार्य अवधि क्या है।

(ग) क्या, कार्य ग्रहण अवधि (joining time) के साथ छुट्टियां उपसंर्गित (prefixed) या अंतसर्गित (suffixed) कर सकते हैं ?

(घ) एक सरकारी कर्मचारी जो स्थानांतरण पारगमन (transit on transfer) पर है, को पहले की आदेश से भिन्न स्थान पर जाने कि आदेश दी जाती है, तो उन्हें कितने कार्यग्रहण अवधि (joining time) देय है?

(ङ) किसी व्यक्ति को आबंटित सरकारी आवास किन हालातों में रद्द की जा सकती है ? संक्षिप्त में लिखें।

प्र 6 (क) के.लो.नि.वि. के ई-सेवा पोर्टल (www.cpwdsewa.nic.in) में किन-किन व्यक्ति/संस्था शिकायत (complaint) दर्ज कर सकते हैं? **अंक - 04**

(ख) के.लो.नि.वि. के PIMS पोर्टल में संपत्ति विवरण (Property Return) और APAR के स्वमूल्यांकण (self-appraisal) भरने की अंतिम तारीख क्या है?

प्र 7 (क) क्या ई-निविदा (e-tender) के माध्यम से ठेकेदार द्वारा समर्पित बोली (bid) को समर्पण के बाद संशोधित की जा सकती है ? यदी हां, तो कितने बार और किस समय तक ? **अंक - 06**

(ख) कार्यपालक अभियंता के छुट्टी / दौरा या अनुपस्थिति होने पर ई-निविदा बोलियों को कौन खोल सकता है ?